तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 24 जून 2026

12 भाजपा शहर मंडल ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान...



11 महेश नवमी महोत्सव पर माहेश्वरी समाज ने ...





## खबर संक्षेप

### खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बालोद।** ग्राम बगदई निवासी एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद इसकी जानकारी ग्रामीणो ने पुलिस को दी। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण सुबह जब अपने खेतो की साफ सफाई के लिए खेतो में गए तो उन्होने खेत के मेड़ में स्थित एक पेड़ में शव लटके देखा जिसके बाद इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणो को दी। जहां अन्य ग्रामीणो के पहुंचने के बाद ग्रामीणो ने देखा कि उक्त व्यक्ति ग्राम बगदई निवासी नरसिंह सिंह भुआर्य का शव है जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फांसी के फंदे से उतारा गया तथा शव का पीएम करने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया। वही व्यक्ति ने उक्त कदम क्यो उठाया यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### गांजा बेचने वाले को 69 दिन व 10 हजार का दंड

**दुर्ग।** कुम्हारी थाना अंतर्गत गोठान के पास 1.175 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ाए वीर पिता बिल्लू देवार (22 वर्ष) को कोर्ट ने 69 दिन और 10 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। कोर्ट ने आरोपी को उतने ही दिन की सजा सुनाई, जितने दिन से वह जेल में निरुद्ध है।प्रकरण के मुताबिक घटना 13 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12.40 बजे की है। आरोपी वीर से पुलिस ने 1.715 किलोग्राम गांजा जब्त किया। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां केस के विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। उसे सजा सुनाई गई। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

### बाइक चोरी का खुलासा आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नंदिनी नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। जब्त वाहन की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अशोक भारती (36 वर्ष) निवासी ग्राम नगवा, थाना कासिमाबाद, जिला गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ग्राम पिटौरा निवासी प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 20 जून को सामान खरीदने के लिए नंदिनी टाउनशिप स्थित विश्वकर्मा इंजीनियरिंग शॉप गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीयू 0209 दुकान के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। शिकायत के आधार पर नंदिनी नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए आज होगी विशेष ग्रामसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्रामीण विकास और हर गरीब को पक्का मकान देने के संकल्प को गति देने के लिए 24 जून को बालोद जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह ग्रामसभा केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के आगामी चरण के लिए बेहद निर्णायक साबित होने वाली है।

बालोद जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने इस संबंध में जिले की जनता के नाम एक महत्वपूर्ण संदेश जारी किया है। उन्होंने सभी ग्रामीणों और विशेषकर जरूरतमंद परिवारों से इस बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में होने वाली यह ग्रामसभा बेहद खास है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत शामिल किए गए संभावित हितग्राहियों की सूची का वाचन और अवलोकन किया जाएगा। मेरा सभी ग्रामीणों से खासकर जो इस योजना के दायरे में आते हैं, विशेष आग्रह है कि वे कल अपने-अपने गांवों में होने वाली इस बैठक में जरूर जाएं।

## पारदर्शिता के साथ पात्र हितग्राहियों का होगा चयन



### ग्रामीणों को जागरूक करें

उन्होंने आगे कहा कि इस बैठक में शामिल होकर ग्रामीणजन योजना की विस्तृत गाइडलाइन और जानकारियों से अवगत हो सकेंगे साथ ही यह भी सुनिश्चित कर पाएंगे कि उनका या उनके किसी पात्र पड़ोसी का नाम सूची में छूटा तो नहीं है। प्रशासनिक स्तर पर इस ग्रामसभा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि सरकार की मंशा है कि आवास योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। ग्रामसभा में सबके सामने सूची पढ़े जाने से गड़बड़ियों की गुंजाइश खत्म होती है और वास्तविक पात्र लोगों की पहचान आसान हो जाती है। चंद्राकर ने जिले के सभी सरपंचों, पंचों, सचिवों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मुनादी और अन्य माध्यमों से ग्रामीणों को जागरूक करें, ताकि 24 जून को होने वाली इस बैठक में ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज हो सके।



## हादसा : गर्भवती पत्नी, वृद्ध मां और दो बच्चों को छोड़ गए लोकेश

# जुझारा नाला के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो बाईको का आमने सामने भीड़त हो गया। जिसमे एक बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे बाईक सवार का ईलाज के दौरान देर रात मौत हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मालीघोरी के जुझारा नाला के पास दो बाईको में भीड़त हो गया, भिड़त इतना जबरदस्त था कि दोनो बाईको मे सवार युवक अपने बाईको से दूर जा गिरे तथा दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रेंगनी निवासी भोजराज ठाकुर 35 वर्ष मालीघोरी से अपने गृह ग्राम जा रहा था तथा बालोद नगर के शिकारीपारा निवासी लोकेश दास 33 वर्ष वापस बालोद आ रहा था इसी दौरान ग्राम मालीघोरी के जुझारा नाला के



पास दोनो में भिड़त हो गया। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने 108 की सहायता से दोनो घायलो को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। इस दौरान ग्राम रेंगनी निवासी भोजराज को गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गया व गंभीर रूप से घायल लोकेश दास को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए लोकेश दास को राजनांदगांव रेफर किया गया।

जहां देर रात लोकेश दास की भी मृत्यु हो गई। वही युवक के मौत के बाद युवक के शव को राजनांदगांव से मंगलवार दोपहर घर लाया गया जहां अंतिम संस्कार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार लोकेश दास घर का एकलौता कमाउ व्यक्ति था जिसके आय पर घर का खर्च चलता था तथा घर में लोकेश दास के अलावा उसकी मां व उसकी पत्नी तथा दो छोटे छोटे बच्चे थे तथा वर्तमान में लोकेश दास की पत्नी प्रसव पीड़ा के शुरूवाती दौर में जिला अस्पताल में भर्ती है।

# ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर कार चालक ने पेट्रोल पंप में की 5 हजार रुपए की ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ऑनलाईन पेमेंट करने का बहाना कर कार चालक ने पांच हजार की धोखाधड़ी को अंजाम दे दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही नगर में स्थित एक पेट्रोल पंप में एक कार चालक आया और पांच हजार रूपये का पेट्रोल कार में डलवाया। जिसके बाद उक्त कार चालक ने पेट्रोल पंप के कर्मचारी को ऑनलाईन पेमेंट करने की बात कही जिस पर कर्मचारी द्वारा कार चालक को वहां लगे स्कैनर के माध्यम से पेमेंट करने कहा गया। तब कार चालक ने उक्त स्कैनर को स्कैन करने का कार्य कर्मचारी के सामने किया तथा पेमेंट हो जाने की बात कहते हुए वहां से निकल गया। जिसके बाद इसी दौरान जब कर्मचारी ने पेमेंट के संबंध में कोई मैसेज या जानकारी ना मिलने पर अन्य कर्मचारियो को इसकी जानकारी दी जिसके बाद पेट्रोल पंप में कर्मचारियो के बीच उक्त बात को लेकर खोजबीन शुरू हो गई। वही कर्मचारियो ने उक्त मामले को लेकर थाना में शिकायत किया है। जिसमें पुलिस द्वारा पेट्रोल पंप में लगे कैमरे से उक्त कार का नंबर जांच करने की कोशिश की गई।

लेकिन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप में लो क्वालिटी का कैमरा लगे होने के कारण कार का नंबर नजर नही आ रहा है, पुलिस अन्य जगहो में लगे सीसीटीव्ही कैमरे से उक्त कार की खोजबीन कर रही है।

# भाजपा शहर मंडल ने आयोजित किया योग कार्यक्रम, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बालोद द्वारायोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से योग अभ्यास कर निरोग रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के ऊर्जावान कार्यकर्ता, शहर मंडल बालोद के सभी सम्मानित पदाधिकारी, पार्षद गण एवं क्षेत्र के वरिष्ठ व ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में विभिन्न आसन और प्राणायाम किए।

■ नियमित योग अपनाने का लिया संकल्प

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का अमूल्य हिस्सा है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। भाजपा शहर मंडल बालोद के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया।

### विकल्प स्वस्थ शरीर सशक्त राष्ट्र

आज 23 जून को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बालोद के तत्वावधान में योग कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं, शहर मंडल के सभी ऊर्जावान पदाधिकारियों, सम्मानित पार्षद गणों एवं हमारे मार्गदर्शक ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और सामूहिक रूप से योग-प्राणायाम किया। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का माध्यम है। आइए, हम सब मिलकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

# भाजपा कार्यालय में मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बालोद में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि संगोष्ठी में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

■ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए योगदान को किया याद

वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णकांत पावर ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को जागृत करने वाले महान राष्ट्रनिर्माता थे। भारतीय जनसंघ के संस्थापक के रूप में उन्होंने राष्ट्र की अखंडता एवं एकता के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। वे प्रख्यात शिक्षाविद्, कुशल प्रशासक, दूरदर्शी राजनेता





एवं महान राष्ट्रभक्त थे।

जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने डॉ. मुखर्जी के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म महान शिक्षाविद् सर आशुतोष मुखर्जी के परिवार में हुआ था। अपनी प्रतिभा के बल पर वे मात्र 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। बाद में वे स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बने, किंतु राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने कहा कि देश के विभाजन के समय पश्चिम बंगाल एवं पंजाब के महत्वपूर्ण हिस्सों को भारत में बनाए रखने में डॉ. मुखर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कश्मीर में पृथक व्यवस्था का विरोध करते हुए उन्होंने ष्एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उद्घोष किया तथा राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 हटाकर उनके सपनों को साकार किया गया।

जिला उपाध्यक्ष पवन सोनबरसा ने कहा कि अल्पायु में ही डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की और अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनके विचार एवं चिंतन सदैव देश को प्रेरणा देते रहेंगे। जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के शब्दों में व्यक्ति की महानता उसकी आयु से नहीं, बल्कि उसके विचारों से मापी जाती है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं एवं अनेक राष्ट्रवादी संगठनों को प्रेरित कर रहे हैं। भाजयुमो जिला अध्यक्ष गुलशन साहू तथा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष टी.आर. डहरे ने भी उनके जीवन एवं राष्ट्रहित में किए गए कार्योर् को युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया।

इस अवसर पर जिला मंत्री प्रेम साहू, कृष्ण ठाकुर, जुंगेरा मंडल अध्यक्ष अरुण साहू, संजय साहू, विनोद जैन, नरेंद्र सोनवानी, लक्ष्मी साहू, चित्रसेन साहू, बीरेन्द्र साहू, दुर्जन साहू, संजय दुबे सहित बड़ी अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खरीफ सीजन के लिए खाद-बीज उपलब्धता की समीक्षा की गई

# सुशासन तिहार के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुशासन तिहार-2026 के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा एक माह के भीतर करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के पोर्टल का नियमित रूप से अवलोकन करते हुए उसमें प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आज सुबह संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार छत्तीसगढ़ शासन का महत्वपूर्ण अभियान



है, जिसके तहत आवेदनों का निराकरण पूर्ण संतृप्तिकरण के साथ किया जाना है। अतः इसके अंतर्गत लगाए गए शिविरों में प्राप्त आवेदनों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निराकरण करने सभी अधिकारी प्राथमिकता व गंभीरता के साथ करें। उन्होंने वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही जिले में वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने इस कार्य में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन और भावी पीढ़ी के संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है। इसके लिए रिक्त शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर अभियानपूर्वक वृक्षारोपण करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि इसके लिए तांदुला नदी के दोनों किनारों में, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुरसुनी तथा जिले के सभी स्कूल परिसरों में पौधारोपण के लिए चिन्हांकन किया गया है। कलेक्टर ने पौधारोपण करने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और संवर्धन के लिए भी यथा संभव प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि पौधारोपण के लिए 03 लाख 50 हजार सीड बॉल तथा 02 लाख ट्रंचेस तैयार किए गए हैं। बैठक में उन्होंने चालू खरीफ सीजन में जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता तथा वितरण के संबंध में जानकारी लेते हुए समय पर किसानों को खाद-बीज मुहैया कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने खेत बचाओ अभियान के तहत रासायनिक खाद की जगह जैविक खाद जैसे हरी खाद, ढेंचा, नैनो खाद आदि अपनाने हेतु जिले के किसानों को प्रोत्साहित करने का निर्देश उपसंचालक कृषि को दिए तथा धान के बजाय अन्य फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर अतिरिक्त प्रयास करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

# योग दिवस के अवसर पर सहगांव में योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

अन्तर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर शा. प्रा. माध्यमिक शाला सहगांव में योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास की शुरुआत प्रार्थना से हुआ। सर्वप्रथम शिथिलीकरण कराया गया, तत्पश्चात ताडासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतूबंध आसन, पवन मुक्तासन, शवासन, प्राणायाम, संकल्प व शांति पाठ कराया गया। योग के सामान्य निर्देश व उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राथ माध्यमिक स्टॉफ, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंध समिति, स्वास्थ्य विभाग, छात्र छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# टाउनशिप की बिजली और सफाई व्यवस्था चरमराने से लोगों की बढ़ी परेशानी

## रहवासियों के राहत के लिए लगे नए ट्रांसफार्मर व शुरू हो मच्छर उन्मूलन, इंटक यूनियन ने बीएसपी से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कार्यकारिणी बैठक यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें बीएसपी की टाउनशिप की बिगड़ती बिजली व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर मच्छूर उन्मूलन की मांग की है।

यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक में टाउनशिप की लगातार बिजली गुल होने, मच्छर व अस्वच्छता बढ़ने से होने वाली परेशानी पर असंतोष जताया गया। बताया कि टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में लगातार बिजली गुल होने की समस्या बनी हुई है, जिससे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन और रात दोनों समय कई घंटों तक बिजली बाधित रहने से टाउनशिप रहवासियोंकी दिक्कतें बढ़ रही हैं। बिजली आपूर्ति एवं रखरखाव कार्य के आउटसोर्स होने तथा पर्याप्त मैनपावर की कमी के कारण प्री-मानसून तैयारी के तहत पेड़ों की छंटाई सही ढंग से नहीं हो पाई है। इसके परिणामस्वरूप आंधी-तूफान के दौरान पेड़ों की शाखाएं बिजली लाइनों पर गिरने से बार-बार बिजली बाधित हो रही है। साथ ही स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत भी समय पर नहीं हो पा रही है।

गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है, जिसके कारण बार-बार विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यूनियन ने मांग की कि टाउनशिप में अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएं तथा रखरखाव कार्य के लिए पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध कराया जाए।




### बैकलेन की हो सफाई और जल्द हो फॉगिंग

इंटक यूनियन ने टाउनशिप के आवासों के पीछे स्थित बैक लाइन क्षेत्रों में नियमित सफाई नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। सदस्यों ने बताया कि कई स्थानों पर कचरा, झाड़ियां एवं अवांछित वनस्पतियां उग आई हैं, जिससे बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसके अलावा मच्छरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए फॉगिंग मशीन से नियमित धुआं छिड़काव करने की मांग भी की गई। महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि यूनियन प्रबंधन के साथ चर्चा कर इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का प्रयास करेगी। बैठक में जी.आर. सुमन, विश्वनाथ सिंह साहू, जीके. सूर्यवंशी, एसबी. सिंह, ताम्रध्वज सिन्हा, गुरुदेव साहू, गोविंद राठौर, भवानी देवांगन, आनंद खालरकर सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी में स्क्रैप चोरी की हो जांच : शर्मा

**भिलाई।** जन अधिकार अभियान समिति के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बीएसपी में स्क्रैप चोरी के मामलों की जांच की मांग की है। जारी मेल में उन्होंने आरोप लगाया है कि सीआईएसएफ व कुछ प्रभावशाली ठेकेदारों द्वारा संयंत्र में चोरी हो रही है।आउटसोर्सिंग के माध्यम से भिलाई स्टील प्लांट में जो कार्य कराए जा रहे हैं उसकी और स्क्रैप चोरी मामले की जांच केवल निचले स्तर तक सीमित न रहकर पूरे सिंडिकेट तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि पिछले लंबे समय से बीएसपी में स्क्रैप चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसमें ठेकेदारों, चोरों और सीआईएसएफ व पुलिस की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

### बाल कृष्ण का चयन कौन बनेगा करोड़पति में



**भिलाई।** मरोदा सेक्टर जे पॉकेट निवासी व सेक्टर कांग्रेस के कमेटी कार्यकारिणी सदस्य और गोंडवाना समृद्धि समिति महिला प्रभाग की कनिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पा ध्रुव के पति बाल कृष्ण ध्रुव का सोनी टीवी चैनल पर प्रकाशित कौन बनेगा करोड़पति पर चयन हुआ है। इस पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर, वार्ड पार्षद व महापौर परिषद के सदस्य सनीर साहू, योगाचार्य प्रवीण चोपड़ा, बबीता चौधरी, गजाधर नेताम आदि ने हर्ष जताया है।

### आयोजन : हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके पद चिहें पर चलने का संकल्प लेना चाहिए

# भाजपा मंडल गुरुर ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आज भाजपा मंडल गुरुर द्वारा एक गरिमामय पुष्पांजलि और विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके राष्ट्रहित में किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखजीरू अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा एक परिचय के तहत बताया गया कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारत के एक महान शिक्षाविद्, प्रखर राजनेता और अखंड भारत के सबसे मुखर पैरोकार थे।

प्रारंभिक जीवन और शिक्षा के तहत उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता अब कोलकाता में हुआ था। वे मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। केंद्रीय मंत्री से जनसंघ की स्थापना के तहत स्वतंत्रता के बाद वे देश के पहले मंत्रिमंडल में उद्योग और आपूर्ति मंत्री बने, लेकिन तुष्टीकरण की नीतियों के विरोध में उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 21 अक्टूबर 1951 को उन्होंने श्भारतीय जनसंघश की स्थापना की, जो आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। कश्मीर आंदोलन और सर्वोच्च बलिदान के तहत डॉ. मुखर्जी श्एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशानश के सख्त विरोधी थे। उन्होंने कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट व्यवस्था का पुरजोर विरोध किया। कश्मीर सीमा में प्रवेश करते ही उन्हें अवैध रूप से गिरफ्तार कर लिया गया और 23 जून 1953 को रहस्यमयी परिस्थितियों में उनका निधन हो गया, जिसे देश के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान माना जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा ने कहा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी ने जिस अखंड भारत और कश्मीर को पूर्ण रूप से भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना बलिदान दिया था, उसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने धारा 370 को हटाकर पूरा किया है। आज कश्मीर पूरी तरह से भारत का मुकुटमणि बनकर चमक रहा है। डॉ. मुखर्जी का जीवन हर कार्यकर्ता के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करने की प्रेरणा देता है।





भाजपा जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू ने कहा डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक महान विचारक थे। जब देश की एकता और संप्रभुता की बात आई, तो उन्होंने सत्ता सुख को क्षण भर में त्याग दिया और देश की अखंडता के लिए कश्मीर की वादियों में अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। आज का सशक्त और आत्मनिर्भर भारत उन्हीं के विचारों की नींव पर खड़ा हो रहा है। हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके पदचिहें पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में नंदकिशोर शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गुरुर प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष प्रेम साय कलिहारी, महामंत्री द्वय, गुरुर मंडल ताम्रध्वज यादव एवं लिखेश्वर साहू, गिरधर ठाकुर, चंद्रलता साहू, जितेश्वरी निषाद, अनुसिया धुरव, कमलेश ओझा, वरिष्ठ नेता अजय पारख, रामेश्वर लावतरे, मधुसूदन सोनवानी उपस्थित थे।

# पान ठेले का ताला तोड़कर चोरी करने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- नाबालिग के साथ दिया था घटना को अंजाम
- 53 हजार का सामान बरामद

नेवई थाना पुलिस ने पान ठेले में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की नकदी और बिक्री का सामान बरामद किया गया है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 53 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 20 जून की रात पान ठेला संचालक दुकान बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह ठेले पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ मिला। गल्ले में रखी नकदी और दुकान में रखे सिगरेट, गुटखा, माचिस, कोलड्रिंक सहित अन्य सामग्री चोरी हो चुकी थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक और एक विधि-विरुद्ध बालक मोटरसाइकिल से घूम-घूमकर सिगरेट, गुटखा और कोलड्रिंक बेच रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर पान ठेले का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की नकदी, सिगरेट, गुटखा, माचिस, कोलड्रिंक और अन्य सामग्री बरामद की है। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 53 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी की पहचान कार्तिक नाग उर्फ करन (21 वर्ष) निवासी रिसाली भाठा, मोहन किराना के पास, भिलाई थाना नेवई के रूप में हुई है। नेवई थाना में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।

# सेक्टर 9 हास्पिटल के कर्मी कर्म शिरोमणि से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के जेएलएन सेक्टर 9 हास्पिटल मे कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। उत्कृष्ट योगदान के लिए कार्मिकों को सम्मानित किया गया। ऑपरेटिव कम टेक्नीशियन संतोष कुमार, रेडियोलॉजी विभाग के हॉस्पिटल अटेंडेंट मोहम्मद अख्तर, स्टाफ नर्स शैलेन्द्र दिनेश ग्वाल तथा मिथला कौशल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ. उदय कुमार, महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर तथा महाप्रबंधक शाहिद अहमद द्वारा सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शील कमल ठाकुर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरज कुमार गुप्ता, एजीएम जया राय, उप प्रबंधक शैला अब्राहम, सहायक प्रबंधक शिबा थॉमस आदि उपस्थित थे।

# बारिश में टाउनशिप के ब्लैक स्पॉट बनेंगे दुर्घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में बरसात के मौसम के पूर्व ही प्री मानसून की बारिश ने जर्जर सड़कों और ट्रैफिक की समस्या बढ़ा दी है। कई मुख्य सड़कों के अलावा क्रास स्ट्रीटों के गड्ढों व ब्लैक स्पांटों से दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। रहवासियों ने प्रबंधन से जल्द सभी जर्जर सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग की है। बरसात के मौसम के दस्तक देते ही पिछले हफ्ते दस दिन के दौरान बारिश हो रही है। इससे टाउनशिप की कई सड़कों के गड्ठों में पानी भर जाने से आवागमन तकलीफदेह होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बड़ गई है। आज सोमवार को भी पौन घंटा तक तेज बारिश हुई। तीन दिनों पूर्व भी आधा घंटा वर्षा से कई जर्जर सहायक व क्रास स्ट्रीटों पर ट्रैफिक दुरुह हो गया था।

टाउनशिप कई प्रमुख सड़कों के साथ विभिन्न सेक्टरों की सहायक व क्रास स्ट्रीटों के गड्ठों में पानी भर गया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अभी से घंटे आधे घंटे की वर्षा होने पर सड़कों की यह हालत है तो फिर चार महीने बारिश के मौसम में वाहनचालकों व राहगीरों को कितनी परेशानी होगी इसका सहज अंदाज लगाया जा सकता है। लिहाजा बीएसपी को बारिश के पूर्व सभी सड़कों की मरम्मत किए जाने की जरुरत है।

### ट्रैफिक की परेशानी के साथ दुर्घटना का भी अंदेशा

टाउनशिप में 32 बंगला से सेक्टर 1 चौक जाने वाली सड़क रेलवे एवेन्यू, सेक्टर 1 बीएसएनएल रोड, सेक्टर 6 ए मार्केट रोड, सेक्टर 7 बी मार्केट होते हुए प्रियदर्शिनी अंडरब्रिज चौक सहित दर्जनभर से अधिक सड़कों पर जगह जगह बड़े और गहरे गड्ढे हैं। गैराज रोड पर कई जगह तारकोल उखड़ने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। इसी तरह सेक्टर 7 महाराणा प्रताप रोड और सेक्टर 1 सड़क आदि भी कई जगह जर्जर है, जहां आम दिनों में भी दोपहिया चालकों को गाड़ी चलाना मुश्किल होता है। कई ब्लैक स्पांट दुर्घटना के कारण बने हुए हैं। महाराणा प्रताप चौक सेक्टर 7 तिराहे रोड के बाजू में क्रास स्ट्रीट पर ई मार्केट के निकट तीन साल से पास पास दो बड़े गड्ढे ब्लैक स्पांट हैं। रहवासियों ने बताया कि आज हुई बारिश में यहां दो दोपहिया चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चोटिल हुए। आए दिन दुर्घटना हो रही है।

# तहसीलदार आशुतोष शर्मा बने डिप्टी कलेक्टर, कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन द्वारा जारी पदोन्नति सूची के तहत बालोद में पदस्थ तहसीलदार आशुतोष शर्मा को डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नत करते हुए जिला कबीरधाम में नई पदस्थापना दी गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शर्मा को पौधा भेंट कर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर मिश्रा ने शर्मा के प्रशासनिक कौशल की सराहना की और कवर्धा में उनके नए एवं उच्च दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### पार्सल बुकिंग से पहले आधार कार्ड, पता और मोबाइल नंबर लेना होगा अनिवार्य

# कूरियर के जरिए नशे और हथियारों की सप्लाई पर सख्ती, जारी किए नए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कूरियर और ई-कॉमर्स सेवाओं के जरिए प्रतिबंधित नशीली सामग्री, मादक पदार्थ और घातक हथियारों की आपूर्ति रोकने के लिए दुर्ग पुलिस और खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने संयुक्त पहल शुरू की है। इसी कड़ी में सोमवार को कंट्रोल रूम सेक्टर-6 दुर्ग में कूरियर कंपनियों और ई-कॉमर्स प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कूरियर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी पार्सल की बुकिंग के दौरान प्रेषक और प्राप्तकर्ता का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। इसके लिए नाम, पता, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की प्रति लेना आवश्यक होगा। पुलिस ने निर्देश दिया कि यदि किसी पार्सल में प्रतिबंधित नशीली दवा, मादक पदार्थ या अन्य अवैध सामग्री होने की आशंका हो तो इसकी जानकारी तत्काल संबंधित थाना और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को दी जाए। बैठक में सभी पार्सल बुकिंग केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और कम से कम एक माह तक फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों का कहना है कि इससे संदिग्ध गतिविधियों की जांच में मदद मिलेगी। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक संचालक संजय सिंह, औषधि निरीक्षक विष्णु प्रसाद साहू, गायत्री पटेल, जागेश्वरी साहू सहित विभिन्न कूरियर कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।



### दवाइयों के पार्सल का अलग रिकॉर्ड रखने के निर्देश

औषधियों से संबंधित पार्सलों के लिए अलग रजिस्टर संधारित करने को कहा गया है। इसमें भेजने वाले और प्राप्तकर्ता का पूरा विवरण दर्ज करना होगा। साथ ही दवाइयों से जुड़े पार्सलों में नकद भुगतान की जगह ऑनलाइन भुगतान को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

### अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने की पहल

बैठक में कूरियर सेवाओं के माध्यम से होने वाली संभावित अवैध गतिविधियों की रोकथाम, सुरक्षा उपायों और वैधानिक जिम्मेदारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि कूरियर नेटवर्क का दुरुपयोग कर नशे और अन्य प्रतिबंधित सामग्री की सप्लाई को रोकना प्राथमिकता है।

पेज 9 का शेष

### सुशासन तिहार के आवेदनों ...

कहा कि सीएम हेल्पलाइन समय–सीमा पर आधारित है, जिसके निराकरण की गुणवत्ता की निगरानी शासन स्तर पर हो रही है इसलिए अधिकारीगण इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल का प्रतिदिन नियमित रूप से अवलोकन करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह सुग्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत पात्र लोगों को 31 हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ सुनील चंद्रवंशी को निर्देशित किया। इसके अलावा शाला प्रवेश के दौरान न्यौता भोज आयोजित करने तथा स्कूलों का सतत निरीक्षण करने पर भी कलेक्टर ने जोर दिया। साथ ही गत वर्ष की भांति इस साल भी कुपोषित बच्चों को सामान्य स्थिति में लाने के लिए विभागीय सहयोग से विशेष प्रयास करने के निर्देश जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में शासन की मंशानुसार जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए अधिक संख्या में निक्षय मित्र नियुक्त करने, कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों को दलहनी, तिलहनी तथा उतेरा फसलों के लिए प्रोत्साहित करने, ई–ऑफिस में नियमित रूप से शासकीय पत्रचार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को बेहतर ढंग से विभागीय दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अब अहिवारा में ही संचालित होगा संभागीय कार्यालय

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिया है, पूर्व में जो विद्युत संभागीय कार्यालय अहिवारा, भिलाई-3 में स्थित था, उसे अब वहां से स्थानांतरित कर अहिवारा में ही कार्यशील कर दिया गया है। 20 मई से इस कार्यालय ने जामुल रोड, मंगल भवन के सामने, सबस्टेशन परिसर अहिवारा स्थित नवीन भवन में अपना कार्य विधिवत रूप से शुरू कर दिया है। इस स्थानांतरण का सीधा लाभ क्षेत्र के आठ वितरण केंद्रों से जुड़े 86 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को होगा। अब उन्हें अपनी बिजली संबंधी समस्याओं, बिल सुधार या अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 25 किलोमीटर दूर भिलाई-3 की लंबी यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। कंपनी का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ही बिजली संबंधी बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### खेलो इंडिया अस्मिता साइक्लिंग लीग में महिला प्रतिभागियों ने लिया भाग

**भिलाई।** भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट एवं बीएसपी साइक्लिंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सिविकसेंटर में अस्मिता साइक्लिंग लीग जिला स्तर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संरक्षक सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि महापौर नीरज बघेल व पूर्व विधायक व संरक्षक साइक्लिंग एसोसिएशन के संरक्षक और ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर,पूर्व महासचिव परविंदर सिंह, डॉ रमेश श्रीवास्तव और विनय चन्नावार आदि उपस्थित थे। आयोजन में 328 महिला-बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 3 वर्गों में आयोजित की गई सब जूनियर बालिका (16 वर्ष से कम) में प्रथम शीतल द्वितीय वंदना एवं तृतीय साक्षी सलामे रहीं, जूनियर बालिका (17 एवं 18 वर्ष आयु वर्ग) में प्रथम इशिता सिन्हा, द्वितीय मेघा साहू व तृतीय पुष्पांजलि रही वही सीनियर महिला (18 वर्ष से ऊपर ) में प्रथम हीना द्वितीय प्रभा एवं तृतीय स्थान पर बबीता मलिक रहीं।

### शिवनाथ नदी के किनारे लगे पेड़ों का हो सर्वे, कराई जाए जीई टैगिंग

**दुर्ग।** दुर्ग की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी और आमनेर नदी क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर, पर्यावरणीय संतुलन एवं जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन नदियों के दोनों तटों पर बड़ी संख्या में पीपल, बरगद, आम, इमली, जामुन, अर्जुन, नीम, करंज एवं अन्य स्थानीय प्रजातियों के वृक्ष विद्यमान हैं, जो पर्यावरण संरक्षण, नदी तटों की सुरक्षा, भूजल संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण तथा स्थानीय पारिस्थितिकी को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके संरक्षण को लेकर जनपद पंचायत धमधा के सदस्य ईश्वरी निर्मल ने संरक्षण और संवर्धन को लेकरर पहल की है।

**महोत्सव :** शिव आरती और भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

# महेश नवमी महोत्सव पर माहेश्वरी समाज ने किए विविध आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

माहेश्वरी समाज द्वारा मंगलवार को महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया तथा देर शाम दशौंदी तालाब में भगवान शंकर की आरती व भजन संध्या के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिसमे दिनभर समाज के महिला पुरूश बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमे माहेश्वरी पंचायत, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा मंच बालोद के संयुक्त तत्वं धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक, कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। महोत्सव में दुर्ग से कमल बियानी, डोंगरगढ़ से रूप मूंदड़ा, रायपुर से स्वराज माहेश्वरी अतिथि के रूप में उपस्थित



हुए। जिसमे सुबह 7 बजे भगवान गणेश मंदिर से शोभायात्र निकाली गई। जिसमें शिवलिंग की शोभायमान प्रतीक का शोभायात्र निकाला गया जिसके बाद माहेश्वरी भवन में पार्थिव शिव पूजन एवं अभिशेक का आयोजन किया गया। जहां भवन में फ्री बॉडी चेकअप शिविर, रक्तदान एवं नेत्रदान पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया था। जिसके बाद बाल प्रतिभा क्वीज प्रतियोगिता तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दोपहर को समाजजनो के द्वारा अतिथि स्वागत व सम्मान समारोह तथा पारिवारिक सम्मान का आयोजन किया गया। जहां शाम को दशौदी तालाब बालोद में भव्य शिव आरती के आयोजन के बाद माहेश्वरी भवन में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

# अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत तीन जुलाई तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए 03 जुलाई 2026 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026–27 सत्र में कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाले पात्र विद्यार्थियों को प्रदेश के निजी स्कूलों में कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बालोद जिले को इस वित्तीय वर्ष मे 07 सीटों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इच्छुक निर्माणी श्रमिक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए 03 जुलाई 2026 तक ऑनलाईन आवेदन श्रमेव जयते मोबाइल एप्प के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा वे श्रम संसाधन केन्द्र गुण्डरदेही, गुरूर, बालोद, डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा या जिला श्रम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 73 एवं 74 में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर भी आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ निर्माण श्रमिक की प्रथम दो संतानो को मिलेगा, जिनका पंजीयन एक वर्ष पूर्व का हो तथा जो वर्तमान में शैक्षणिक सत्र कक्षा 6वीं में प्रवेश ले रहे हों। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में श्रम पंजीयन कार्ड, बच्चे का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, पूर्व वर्ष की अंक सूची, अध्ययनरत प्रमाण पत्र, स्व–घोषणा प्रमाण पत्र आवश्यक है। विद्यार्थियों का चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक आवासीय विद्यालयों में पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिला श्रम अधिकारी ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक पात्र निर्माण श्रमिकों से आवेदन करने की अपील की है।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिकी विभाग में एमएससी विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- शिक्षकों और विद्यार्थियों ने साझा किए यादगार अनुभव

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद के भौतिकी विभाग द्वारा एम.एससी. भौतिकी चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2024–26 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, आत्मीयता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेके. खलखो ने विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्र पूर्ण करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की



शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सीखते रहने, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी प्रो. जी.एन. खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण चरण भी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करने हेतु प्रेरित किया। कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र आर्य ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके आगामी जीवन एवं करियर के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास एवं समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. आरडी. साहू द्वारा किया गया तथा सह–संचालन डॉ. नीरज वर्मा द्वारा किया गया। दोनों शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों, सहपाठियों एवं विभाग से जुड़े संस्मरणों को साझा करते हुए बताया कि इस अवधि में उन्होंने केवल विषयगत ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य, अनुशासन, टीमवर्क एवं आत्मविश्वास भी सीखा है।

### पाठशाला के नन्हे श्रावकों में पूजन अभिषेक से गढ़े जा रहे हैं जैन संस्कार

**दुर्ग।** दुर्ग-भिलाई के समस्त दिगंबर जैन मंदिर में संचालित होने वाली पाठशाला के लगभग 200 बच्चों ने श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन रोड में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक, शांति धारा और पूजन कर न केवल धर्म-लाभ कमाया, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि जिनशासन की पताका आगे भी इन्हीं छोटे हाथों से लहराएगी। स्टेशन रोड दिगंबर जैन समाज के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम समाज के लोग जुटे। आचार्य विद्यासागर की शिष्या 105 शैलमती एवं अदूरमाती के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संचालन अनेकांत ने किया। श्री जी को विराजमान अंकित बाकलीवाल ने किया। शांति धारा अजय कुमार अनुपम जैन ने किया।

# कैबिनेट के फैसले ग्रामीण विकास और रोजगार को देंगे नई गति : राकेश यादव

हरिभूमि न्यूज:गुरूर




छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई बड़े और महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगी है। इसको लेकर भाजपा प्रदेश पूर्व मंत्री राकेश यादव ने गुरूर में पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि कैबिनेट द्वारा लिए गए फैसलों में ग्रामीण रोजगार, आजीविका और रिन्यूएबल एनर्जी नवीकरणीय ऊर्जा पर विशेष ध्यान दिया गया है।

गुरूर में आयोजित प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कैबिनेट के निर्णयों का स्वागत किया है और इसके लिए साय सरकार का आभार जताया है। कैबिनेट बैठक में राज्य के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए तीन बड़े नीतिगत फैसलों को मंजूरी दी गई है।

### वीबी-जी राम जी योजना को मंजूरी

कैबिनेट ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी–जी राम जी योजना छत्तीसगढ़ के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में युवाओं और परिवारों को रोजगार के पक्के अवसर देना और उनकी आजीविका को सुरक्षित करना है।

### अटल आजीविका समृद्धि हाट१ योजना की शुरुआत

ग्रामीण बाजारों और छोटे व्यापारियों को बढ़ावा देने के लिए साय सरकार ने अटल आजीविका समृद्धि हाट योजना शुरू करने का एक बेहद महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके जरिए स्थानीय स्तर पर व्यापार और आजीविका के संसाधनों का तेजी से विकास होगा।

### छत्तीसगढ़ कम्प्रेस्ड बायोगैस नीति 2026

पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए छत्तीसगढ़ कम्प्रेस्ड बायोगैस नीति, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई है। यह नीति राज्य में कचरे और जैविक अपशिष्ट से बायोगैस बनाने वाले उद्योगों को बढ़ावा देगी, जिससे नए रोजगार भी पैदा होंगे।

### पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने जताया आभार

कैबिनेट के इन जनहितैषी फैसलों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी पूरी कैबिनेट का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार लगातार श्मोदी की गारंटीश को पूरा करने की दिशा में ऐतिहासिक काम कर रही है। श्वीबी–जी राम जी योजनाश और श्अटल आजीविका समृद्धि हाटश से हमारे ग्रामीण भाइयों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की नई ताकत मिलेगी। वहीं नई बायोगैस नीति छत्तीसगढ़ को क्लीन और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाएगी। यह कैबिनेट छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य की गारंटी है।

# छह साल से सड़क निर्माण की बाट जोह रहे ग्रामीण, 20 हजार लोगों को हो रही परेशानी

## बजट में राशि स्वीकृत, फिर भी शुरू नहीं हुआ निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखंड के ग्राम बड़गांव सहित आसपास के 12 गांवों के ग्रामीण पिछले छह वर्षों से सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी है।

बड़गांव से संबलपुर को जोड़ने वाली लगभग 4 किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क जर्जर स्थिति में है, जिससे ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और मरीजों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बरसात के दिनों में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन लगभग ठप हो जाता है। बड़गांव के लगभग 3 हजार ग्रामीणों के साथ-साथ खड़ेनाडीह, पार्री, देवरी, खरथुली, कुम्हालोरी सहित 12 गांवों के करीब 20 हजार लोग इस समस्या से प्रभावित हैं।ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम संबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री से सड़क निर्माण की मांग की गई थी, जिस पर शीघ्र निर्माण का आश्वासन मिला था। इसी प्रकार पूर्व सांसद को भी आवेदन देकर सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण की मांग रखी गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि दो वर्षों में कार्य स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन छह वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो पक्की सड़क बनी और न ही उच्च स्तरीय पुल-पुलिया का निर्माण शुरू हो सका। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2024-25 के राज्य बजट में बड़गांव-संबलपुर मार्ग निर्माण के लिए लगभग 4 करोड़ 25 लाख रुपए का प्रावधान किया गया था, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीणों में निराशा और नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्षेत्र के युवा इसी मार्ग से ब्लॉक मुख्यालय तथा राजनांदगांव रोजगार और अन्य कार्यों के लिए जाते हैं। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी ग्रामीण इसी सड़क पर निर्भर हैं।

वहीं स्कूली विद्यार्थियों को प्रतिदिन जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ता है। किसानों को खेतों तक पहुंचने, कृषि उपकरण ले जाने तथा फसल परिवहन में भी लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दरबारी नवागांव से बड़गांव होते हुए संबलपुर तक सड़क एवं पुल-पुलिया का निर्माण हो जाता है, तो क्षेत्र के 10 से 12 गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में लोगों को आवागमन के लिए लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। सड़क निर्माण होने से समय और ईंधन की बचत होगी तथा विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही डौण्डीलोहारा और राजनांदगांव तक पहुंचना भी अधिक सुगम हो जाएगा। ग्रामीणों व जनपद पंचायत सभापति डोमेन्द्र ज्ञानू राजपूत ने शासन-प्रशासन से शीघ्र सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग करते हुए कहा है कि लंबे समय से लंबित इस समस्या का समाधान अब जल्द किया जाना चाहिए।

# खपरी-सिलोदा में मनरेगा मजदूरों ने ली स्वच्छता और जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरी-सिलोदा में मंगलवार 23 जून को डोम तालाब गहरीकरण एवं नहर-नाली गहरीकरण कार्य में लगे मनरेगा के लगभग 300 मजदूरों को पूर्व सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि नारायण साहू द्वारा विशेष शपथ दिलाई गई। इस दौरान मजदूरों ने संकल्प लिया कि 1 जुलाई से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना को "जी राम जी योजना" के नाम से संबोधित करेंगे।

शपथ कार्यक्रम में सभी मजदूर कतारबद्ध होकर शामिल हुए और यह संकल्प लिया कि अक्टूबर 2026 से जब भी वे कार्य पर जाएंगे और कोई पूछेगा कि कहां जा रहे हैं,



तो वे कहेंगे कि "हम लोग जी राम जी में कार्य करने जा रहे हैं। इस अवसर पर जल संरक्षण और गांव के विकास को लेकर नारों के माध्यम से जागरूकता भी फैलाई गई। जिसमें प्रमुख नारे रहे नवा तरिया आय का जरिया मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया, नवा तरिया

अगर चाहते हो बेहतर कल, मत बहने दो वर्षा का जल। कार्यक्रम में स्वच्छता को लेकर महिलाओं को विशेष रूप से शपथ दिलाई गई कि वे खुले में शौच नहीं करेंगी, अपने घरों में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डब्बे रखेंगी तथा स्वच्छता वाहन आने पर उसी में कचरा डालेंगी। साथ ही गांव की नालियों में कचरा नहीं फेंकने का संकल्प भी लिया गया। बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति नाली में कचरा फेंकते पाया गया तो उस पर 500 रु का अर्थदंड लगाया जाएगा। इसके अलावा गांव में खुलेआम शराब सेवन करने वालों को रोकने, चौक-चौराहों पर शराब पीकर गाली-गलौज करने वालों को समझाइश देने और इसकी जानकारी देने की अपील भी की गई। महिलाओं को अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए गांव को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
♀ सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
♀ सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### 62 पौवा अवैध शराब और बाइक के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उतई पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन और बिक्री में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 62 पौवा देसी शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में पुरेंद्र ठाकुर (35 वर्ष) निवासी ग्राम बोरहाडीह, शिवराम यादव (50 वर्ष) निवासी ग्राम चुनकट्टा और दिलेश कुमार पारधी (24 वर्ष) निवासी ग्राम गनियारी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 21 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से ग्राम पतोरा क्षेत्र में अवैध शराब की खेप लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उतई पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 केए 5938 से एक प्लास्टिक बोरी में रखे 32 पौवा देसी प्लेन शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से पुरेंद्र ठाकुर और शिवराम यादव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी दौरान पुलिस को एक अन्य सूचना मिली कि मुक्तिधाम रोड, पतोरा में एक युवक अवैध शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।

### रिटायर्ड सीई ने की तीन शादियां, एक में हुआ लिवइन को लेकर एग्रीमेंट

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम से मुख्य अभियंता के पद से रिटायर हुए भागीरथ वर्मा ने जहां भ्रष्टाचार के दम पर करोड़ों की चल अचल संपत्ति बनाई तो वहीं इस संपत्ति का मायाजाल दिखाकर उसने तीन अलग अलग शादियां की। तीसरी शादी के लिए उसने लिखित एग्रीमेंट किया, जिसमें उसने अपनी ही अधीनस्थ इंजीनियर के साथ लिविइन में रहने को लेकर 100 रुपए के स्टॉम्प पेपर में एग्रीमेंट किया। यह स्टांप भी भागीरथ वर्मा ने अपने नाम पर खरीदा था। एसीबी में शिकायत करने वाले ठेकेदार तिवारी ने जारी स्टांप के साथ हरिभूमि को बताया कि, भागीरथ वर्मा ने छत्तीसगढ़ शासन से जारी 100 रुपए के स्टांप (एस 374801) में महिला इंजीनियर के साथ एग्रीमेंट किया कि वो और महिला इंजीनियर 27 मई 2022 से भगवान को साक्षी मानकर आपसी सहमति से लिवइन रिलेशनशिप में पति-पत्नी की तरह रह रहे हैं। यह भी लिखा गया कि यह रिलेशनशिप एग्रीमेंट जीवन पर्यंत दोनों के ऊपर लागू होगा।

## निधन

### पीतांबर बेलचंदन

**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम निवासी 74 वर्षीय सेवानिवृत



राजस्व निरीक्षक पीतांबर बेलचंदन का निधन हो गया, उसका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम में किया गया, वह जितेंद्र बेलचंदन के पिता व धनंजय बेलचंदन के दादा थे।

**आयोजन :** "एक विधान, एक निशान, एक प्रधान" के संकल्प पर हुई चर्चा

# भाजपा शहर मंडल ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बालोद के तत्वाधान में मां भारती के अमर सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद्, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रबल समर्थक तथा एक विधान, एक निशान, एक प्रधान सिद्धांत के शिल्पकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मनाया गया। डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक डॉ. मुखर्जी जी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का संपूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था।

कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान देश का हर नागरिक सदैव याद रखेगा। उन्होंने तत्कालीन समय में देश को श्दो निशान, दो प्रधान और दो विधानश की कुप्रथा से मुक्ति





दिलाने के लिए जो संघर्ष शुरू किया था, वह आज धरातल पर साकार हो चुका है। उनका राष्ट्र प्रथम का संकल्प आज भी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र की संप्रभुता के लिए दिया गया बलिदान समस्त देशवासियों के लिए एक महान प्रेरणा है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति इस श्रद्धांजलि सभा एवं स्मरण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित शहर मंडल के प्रमुख रूप से पदाधिकारीगण, जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, शहर मंडल महामंत्री नरेन्द्र सोनवानी, हितेश्वरी कौशिक, उपाध्यक्ष कमलेश गौतम, उपाध्यक्ष संदीप सिंह, मंत्री मंडल गोकुल ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश तपड़िया, पार्षद गण गिरीजेश गुप्ता, दीपक लोढ़ा, प्रीतम यादव, आशा पटेल, सुनीता मनहर, लक्ष्मी साहू, टिकेश्वर साहू, प्रतिमा यादव, ईश्वर साहू, दीप्ति भाभी, संतोष शर्मा, संजय शर्मा, भुनेश्वर यादव, नीमा साहू, नरेश आहूजा एवं पदाधिकारी और निष्ठावान कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भीमपुरी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि, कार्यकर्ताओं ने याद किए आदर्श



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के रेंगाडबरी मंडल के भीमपुरी बूथ में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक चेतना के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और आदर्श आज भी देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रवाद संबंधी विचारों पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।कार्यक्रम में मोर्चा अध्यक्ष मिलन भुआर्य, बूथ अध्यक्ष अशोक साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता टेकेश्वर साहू, प्रहलाद देवांगन, पूर्व सरपंच दुर्गा सिन्हा, सरस्वती सिन्हा, सहदेव विश्वकर्मा, माहरा राम सलामे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इसकी जानकारी नेमन साहू, रेंगाडबरी द्वारा दी गई।

## डौंडी लोहारा में मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**डौंडीलोहारा।** नरेंद्र मोदीजी के 12 साल बेमिसाल, बढता भारत बदलता भारत के अन्तर्गत भाजपा मंडल डौंडी लोहारा के तत्वावधान में जनसंघ के संस्थापक व भाजपा के प्रेरणा श्रोत पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी बलिदान दिवस 23 जून के अवसर पर स्थानीय पुराना बसस्टैंड के अटल चौक पर उनके तैलचित्र पर मल्यार्पण किया गया, तथा उनके जीवन पर राज्य पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रूप से,पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, मंडल महामंत्री सुमेंद्र देशमुख, कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, धिरेंद्र टाँक, प्यारे लाल निषाद, पार्षद वीरसिंग ठाकुर, संदीप भंसाली,तुकाराम साहू, दिलीप बाफना, इकबाल अरोरा,सुरेश देवांगन, भुवन यादव, रवि लोढा, विरेन्द्र अजनबी, गोविन्दा टांक, बलदाऊ सेन, गिरधारी लाल कोसमा, प्रेम प्रकाश यादव, गजेंद्र यादव, लोकेश दुबे,मोहन ठाकुर, लोमन साहू, दीनू यादव, सहित अनेक कार्यकर्त्ता व वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे।



## सेजस स्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज:बालोद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला लाटाबोड़ के संयुक्त तत्वावधान में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026–27 के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा बच्चों में विद्यालय के प्रति उत्साह एवं आत्मीयता का भाव विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा उनका मुँह मीठा कराया गया। साथ ही बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। प्राचार्य फत्ते राम कोसरिया ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय के कार्योंर्, प्रावीण्यता सूची में स्थान व अभिभावकों को शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति तथा गुणवत्तापूर्ण अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। ये रहे उपस्थित इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन लाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत लाटाबोड़ तेजप्रकाश मंडावी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य बालोद, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद, भगवती नूतन उइके, जनपद सदस्य उपस्थित थे।

## चारवही में हर्षोल्लास के साथ मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**बालोद।** चारवही में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

ग्राम चारवही में संचालित शासकीय प्राथमिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम मे चारवही सरपंच दीपमलिका साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर तथा बच्चो अभिनंदन किया गया। सरपंच दीपमलिका ने बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यार्थियों को प्रगति पत्र एवं मिठाई वितरित कर उन्हें नियमित अध्ययन एवं अनुशासन के



साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के सवांगीण विकास का आधार है तथा शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि प्रत्येक बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के पालक एवं शाला के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं, पंचायत के कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## आज मनाई जाएगी गायत्री जयंती होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**डौंडीलोहारा।** गायत्री परिवार ट्रस्ट डौंडीलोहारा आज गायत्री जयंती पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। गायत्री परिवार के अनुसार यह पर्व परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस एवं गंगा दशहरा के साथ गायत्री जयंती के रूप में मनाया जाता है।



■ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और संस्कार कार्यक्रम होंगे आयोजित

गायत्री साधना को मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम माना गया है। इसके नियमित अभ्यास से व्यक्ति के मन, बुद्धि एवं चित्त में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं तथा जीवन में सुख, शांति और उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक सामूहिक गायत्री महामंत्र अखंड जाप का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार कार्यक्रम, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट डौंडीलोहारा ने समस्त श्रद्धालुओं, परिजनों एवं नगरवासियों को इस पुण्य अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

आयोजकों ने कहा कि गायत्री साधना मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मबल एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार करती है, जिससे व्यक्ति एवं समाज दोनों का कल्याण संभव है।गायत्री जयंती पर्व के अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होगा तथा श्रद्धालुओं को सामूहिक साधना एवं यज्ञ के माध्यम से आत्मिक शांति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## 30 जून तक गैस कनेक्शन का केवाईसी कराना अनिवार्य, नहीं तो रुक सकती है सब्सिडी

**डौंडीलोहारा।** केंद्र सरकार एवं तेल विपणन कंपनियों के निर्देशानुसार घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। डौंडीलोहारा एचपी गैस एजेंसी के संचालक महेंद्र जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन उपभोक्ताओं का अभी तक केवाईसी नहीं हुआ है, उन्हें 30 जून तक अनिवार्य रूप से केवाईसी कराना होगा, अन्यथा गैस सब्सिडी प्राप्त करने में परेशानी आ सकती है।

उन्होंने बताया कि गैस कनेक्शन धारकों की पहचान एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। केवाईसी पूर्ण होने से उपभोक्ताओं का रिकॉर्ड अद्यतन होगा तथा उन्हें शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं और सब्सिडी का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहेगा।ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डौंडीलोहारा एचपी गैस एजेंसी द्वारा अपने सेवा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से भी केवाईसी की व्यवस्था की गई है।

■ डौंडीलोहारा एचपी गैस एजेंसी ने ग्राहकों से की समय रहते प्रक्रिया पूरी करने की अपील

उपभोक्ता अपने नजदीकी सीएससी केंद्र में पहुंचकर आसानी से आधार एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। एजेंसी से जुड़े सीएससी केंद्र घीना, कसहीकला, भीमकन्हार, कापसी, खेरथा, राणा, खुज्जी, अछोली, कमकापार, रेंगाडबरी, भंवरमरा, मरकामटोला, गैजी, मालीघोरी, कोसमी, कोटेरा, केरी, जुगेरा सहित अनेक गांवों में संचालित हैं। महेंद्र जायसवाल ने सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करा लें।

उन्होंने बताया कि अंतिम दिनों में अधिक भीड़ होने की संभावना रहती है, जिससे अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी द्वारा भी उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए लगातार सूचना प्रसारित की जा रही है।गैस एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं का केवाईसी लंबित है, वे शीघ्र अपने नजदीकी सीएससी केंद्र अथवा एजेंसी कार्यालय पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि गैस वितरण एवं सब्सिडी संबंधी सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे।

## एचपीवी टीकाकरण में पीएचसी हनोदा जिले में अग्रणी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हनोदा द्वारा 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में उल्लेखनीय सफलता हासिल की जा रही है। यह अभियान बालिकाओं को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार घर-घर जाकर बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक कर रही है। इस कार्य में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्टाफ नर्स, एलएचवी, फील्ड स्टाफ, सुपरवाइजर एवं मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनके प्रयासों से अधिक से अधिक पात्र बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीशांत दुबे स्वयं प्रतिदिन टीकाकरण सत्रों में उपस्थित रहकर अभियान की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही वे संभावित प्रतिकूल प्रभावों के प्रभावी प्रबंधन एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे टीकाकरण प्रक्रिया सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। पीएचसी हनोदा की यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के समर्पण, कड़ी मेहनत और जनसेवा की भावना का परिणाम है। क्षेत्र में चल रहे इस अभियान की सफलता से बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को नई मजबूती मिल रही है और लोगों में टीकाकरण के प्रति विश्वास भी बढ़ रहा है।

■ बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सराहनीय पहल

**पढ़ेगा भंवरमरा, बढ़ेगा भंवरमरा का लिया संकल्प**

# भंवरमरा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मनाया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर तथा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष डोमार सिंह साहू थे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य नेमसिंह ठाकुर ने की। विशेष अतिथि के रूप में शिक्षाविद आर.डी. मानिकपुरी, ग्राम पटेल राधेलाल राणा, उपसरपंच भीखमसिंह ईस्दा, वरिष्ठ व्याख्याता राधेश्याम साहू एवं हेमप्रकाश मेश्राम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मुख्य अतिथि डोमार सिंह साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की कुंजी है और विद्यालय के विकास के लिए समिति हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। प्राचार्य नेमसिंह ठाकुर ने शत-प्रतिशत नामांकन एवं विद्यार्थियों के ठहराव के लक्ष्य को दोहराते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया। शिक्षाविद आर.डी. मानिकपुरी ने पालकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। वरिष्ठ व्याख्याता राधेश्याम साहू ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर समय प्रबंधन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं हेमप्रकाश मेश्राम ने गत वर्ष के परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए स्थानीय परीक्षा एवं सेमेस्टर प्रणाली की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उपसरपंच भीखमसिंह ईस्दा ने अपने छात्र जीवन के प्रेरक संस्मरण साझा कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अतिथियों द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन येनुराम मेरिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन यशवन्त कुमार कुलदीप ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकगण, ग्रामीणजन एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। "पढ़ेगा भंवरमरा, बढ़ेगा भंवरमरा" के संकल्प के साथ शाला प्रवेशोत्सव का सफल समापन हुआ।

## शाला संजारी में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेशोत्सव



**डौण्डीलोहारा।** विकासखंड डौण्डीलोहारा के संकुल संजारी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला संजारी में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।इस अवसर पर बच्चों को निःशुल्क गणवेश, पाठ्य-पुस्तकें, पेन एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को खीर, पूरी एवं मिठाई खिलाकर उनके नए शैक्षणिक सत्र की सुखद शुरुआत कराई गई। विद्यालय परिसर में उत्सवमय वातावरण रहा और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत संजारी की सरपंच श्रीमती स्नेहा ठाकुर उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पटेल श्यामलाल कमरिया, पी.एल. खरे, माखनलाल भुआर्य, संकुल प्राचार्य गुलाबचंद्र नायक, माध्यमिक शाला संजारी के प्रधान पाठक दीवान सर, सीएसी भागवत इंदौरिया, प्रधान पाठक कुलेश्वर ठाकुर (बर्रापारा), विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधान पाठक भूपेंद्र इंदौरिया, शिक्षक भीकेश सहारे, प्रीतम रामटेक, निकिता यादव एवं प्रेमलाल भुआर्य सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन पूरे उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज